# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी दक्षिण वनमण्डल शहडोल
## जिला-शहडोल ४८४००१ (मध्यप्रदेश)

फोन (कार्या-२४०३०४) (निवास-२४१४४३) (फैक्स-२४०३०४) ई-मेल- dfotsshahd@mp.gov.in

क्रमांक/मा.चि./2021/ 160 शहडोल, दिनांक :-22/01/2021

प्रति,

**मुख्य वन संरक्षक**
**वन वृत्त शहडोल**

विषय :- शहडोल वृत्त के वनमण्डल (सा0) दक्षिण शहडोल के अन्तर्गत वन परिक्षेत्र बुढ़ार आरक्षित वनखण्ड सिलपरी कक्ष क्रमांक आरएफ–833, 834 रकवा 36.734 हे0 वनभूमि कोयला खनिज भूमिगत पद्धति से (बंगवार भूमिगत परियोजना में डेवलपमेन्ट डिपलरिंग) उत्खनन कार्य की अनुमति हेतु मुख्य महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. सोहागपुर क्षेत्र पोस्ट धनपुरी जिला शहडोल का प्रस्ताव। प्रकरण ऑनलाईन क्रमांक–PF/MP/MIN/29264/2017

संदर्भ :- महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. सोहागपुर का पत्र क्रमांक/1591 दिनांक 12.10.2020

☆☆☆

निवेदन है, कि विषयांकित संदर्भित पत्र से महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. सोहागपुर द्वारा वनमण्डल दक्षिण शहडोल के अन्तर्गत वन परिक्षेत्र बुढ़ार के कक्ष क्रमांक आरएफ–833, 834 रकवा 36.734 हे0 वनभूमि में भूमिगत खनन हेतु वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत प्रकरण ऑनलाईन कर प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है।

प्राप्त प्रकरण का निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 10.12.2020 को संयुक्त निरीक्षण आवेदक संस्थान के उपस्थिति में किया गया परियोजना में शामिल भूमि का विवरण निम्नानुसार है :-

| वन परिक्षेत्र का नाम | आरक्षित/संरक्षित वनखण्ड का नाम | कक्ष क्रमांक | रकवा |
|---|---|---|---|
| बुढ़ार | सिलपरी पार्ट–8 | आरएफ–833 | 21.321 |
| | | आरएफ 834 | 15.413 |
| | | योग :- | **36.734** |

1. परियोजना हेतु मांग की गई वनभूमि की प्रशासनिक स्वीकृति/सैद्धांतिक स्वीकृति प्रस्ताव में संलग्न है।
2. परियोजना में प्रभावित वनभूमि की KML file कक्षवार आवेदक संस्थान द्वारा CD संलग्न किया गया है।
3. परियोजना में प्रभावित वनभूमि की जियो रिफरेन्स मैप जी.पी.एस. रीडिंग प्रस्ताव में संलग्न है।
4. भारत सरकार द्वारा प्रदत्त पर्यावरण स्वीकृति प्रस्ताव में संलग्न है।
5. अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम, 2006) के अन्तर्गत अधिकारों के विनिश्चिय की कार्यवाही पूर्ण होने संबंधी प्रमाण–पत्र कलेक्टर जिला शहडोल द्वारा जारी किया गया प्रस्ताव में संलग्न है।
6. परियोजना हेतु विभागीय अनुमोदन प्राप्त है प्रस्ताव में संलग्न है।
7. परियोजना में प्रभावित वनभूमि की 1:4,000 scale का मानचित्र एवं GPS रीडिंग प्रस्ताव में संलग्न है।

8. परियोजना में प्रभावित वनभूमि की Outer boundary of mining lease area का मैप प्रस्ताव में संलग्न है।
9. परियोजना में की Transportation हेतु टीप प्रस्ताव में संलग्न है।
10. परियोजना की CMPDIL द्वारा बनाई गई खनन योजना प्रस्ताव में संलग्न है।
11. भारत सरकार/मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्धारित की गई राशि एवं अधिरोपित शर्तों को मान्य करने बावत् आवेदक संस्थान द्वारा बचन–पत्र प्रस्तुत किया गया है प्रस्ताव में संलग्न है।
12. उपरोक्त परियोजना वनमण्डल दक्षिण शहडोल के अन्तर्गत वन परिक्षेत्र बुढ़ार के कक्ष क्रमांक आरएफ–833 एवं 834 सुधार कार्यवृत्त क्षेत्र है स्थल गुणवत्ता IVa जिसका घनत्व 0.5 है।
13. परियोजना में प्रभावित वनभूमि में खड़े विभिन्न प्रजातियों की गणना कराई गई वनभूमि में मिश्रित प्रजाति के वृक्ष मौके में खड़े पाए गये हैं पूर्व में संचालित बंगवार भूमिगत खदान होने के कारण कुछ वृक्ष सूखे पाए गये हैं प्रजातिवार साईजवार सूची संलग्न है। खड़े वृक्षों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र0 | कक्ष क्र0 | मार्क वृक्षों की संख्या | अनुमानित वनोपज एवं मूल्य | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | ईमारती घ.मी. | जलाऊ घ.मी. | खड़े वृक्षों का अनुमानित मूल्य | विदोहन व्यय | अनुमानित मूल्य विदोहन व्यय सहित योग |
| 1 | RF 833, 834 | 2693 | 986.213 | 669.844 | 20642865 | 2135000 | **22777865** |

14. आवेदक संस्थान द्वारा पंजीयन शुल्क 5000.00 एवं प्रोसेसिंग शुल्क 30000.00 कुल **35000.00** बैंक ड्राफ्ट नम्बर–046166, दिनांक 22.02.20211 एवं 017833 दिनांक 16.07.2013 से जमा किया गया है।
15. परियोजना के विरूद्ध क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण योजना तैयार नही की गई है।
16. परियोजना में प्रभावित वनभूमि के नजदीकी हिस्से में पूर्व से संचालित बंगवार कोल माईन्स होने के कारण निरीक्षण के दौरान भू–सतह काफी धस रहा था।

आवेदक संस्थान द्वारा उक्त परियोजना के लिए अभी तक सी.ए./एन.पी.व्ही. की राशि वसूल करने संबंधी कोई प्रकरण लंबित नही है अग्रिम कार्यवाही हेतु अनुशंसा सहित सादर सम्प्रेषित है।

संलग्न :- प्रस्ताव 04 प्रति

**(नेहा श्रीवास्तव)**
**वन मण्डल अधिकारी**
**दक्षिण शहडोल वन मण्डल**
22/1/2021

पृ0क्रमांक/मा.चि./2021/ 161

शहडोल, दिनांक : 22 /01/2021

**प्रतिलिपि :-**

महाप्रबंधक, एस.ई.सी.एल. सोहागपुर का पत्र क्रमांक/1591 दिनांक 12.10.2020 के तारतम्य में सूचनार्थ प्रेषित।

**वन मण्डल अधिकारी**
**दक्षिण शहडोल वन मण्डल**
22/1/2021

# ***Recommendation of DFO***

महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. सोहागपुर बावत् वनमण्डल दक्षिण शहडोल के वन परिक्षेत्र बुढ़ार के कक्ष क्रमांक आरएफ 833 रकवा 21.321 हे0 कक्ष क्रमांक आरएफ 834 रकवा 15.413 हे0 कुल रकवा 36.734 हे0 का प्रस्ताव क्रमांक प्रकरण PF/MP/MIN/29264/2017 दिनांक 12.10.2020 प्राप्त हुआ है।

प्रस्तावित कार्य की अनुशंसा की जाती है।

(नेहा श्रीवास्तव)
वनमडलाधिकारी
वनमण्डल दक्षिण शहडोल